# लेज के नाम से नकली चिप्स बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

Publish Date:Wed, 27 Jun 2018 05:10 PM (IST)

देहरादून में नकली चिप्स बनाने की फैक्ट्री का मामला पकड़ में आया है। पुलिस को फैक्ट्री से सवा सात हजार नकली चिप्स के पैकेट और इसके निर्माण में लगने वाली सामग्री बरामद हुई है।

**देहरादून, [जेएनएन]:** पटेलनगर में लंबे समय से चल रही नकली चिप्स बनाने की फैक्ट्री पकड़ में आई है। फैक्ट्री में पेप्सिको कंपनी के ब्रांड लेज के नाम से नकली चिप्स के पैकेट और स्नैक्स बनाए जा रहे थे। पुलिस को फैक्ट्री से सवा सात हजार नकली चिप्स के पैकेट और इसके निर्माण में लगने वाली सामग्री बरामद हुई है। पुलिस ने फैक्ट्री के मालिक को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया है।

लेज कंपनी के प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह बिंद्रा पुत्र सरदार बलजीत सिंह निवासी 37/24 ओल्ड राजेंद्रनगर दिल्ली की ओर से पटेलनगर पुलिस को सूचना दी गई कि बड़ोवाला में स्वास्तिक एंटरप्राइजेज में नकली चिप्स के पैकेट तैयार किए जा रहे हैं। पुलिस ने फैक्ट्री पर शुक्रवार देर शाम छापेमारी की तो वहां हजारों की संख्या में नकली चिप्स के पैकेट तैयार मिले।

इसके साथ ही छह बड़े और दो छोटे पैकेजिंग रोल भी बरामद किए गए। फैक्ट्री के मालिक दिनेश कुमार पुत्र रमेश चंद निवासी 90 बेरी बाग सहारनपुर हाल निवासी गणेश वाटिका आइटीबीपी रोड से पूछताछ की तो वह लेज कंपनी से निर्माण से संबंधित कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने दिनेश को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी निवेदिता कुकरेती ने बताया कि फैक्ट्री के मालिक पर धोखाधड़ी और कॉपीराइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर किया गया है।

**बिक्री में गिरावट से खुली पोल**

पेप्सिको कंपनी द्वारा निर्मित लेज चिप्स की बिक्री में लगातार हो रही गिरावट और कंपनी की आपूर्ति न करने के बाद भी बाजार में चिप्स के पैकेट मिलने से कंपनी के अधिकारियों को संदेह हुआ। इंस्पेक्टर सूर्य भूषण नेगी के अनुसार कंपनी के अधिकारियों ने जब कुछ इलाकों की दुकानों पर जाकर इसकी पड़ताल की तो पता चला कि कंपनी के अधिकृत वितरकों के अलावा भी चिप्स और स्नैक्स की सप्लाई की जा रही है।

Source: https://www.jagran.com/uttarakhand/dehradun-city-police-caught-the-fake-factory-18114751.html